Then, coming to the other aspects of the Budget, Madam, I would like to say that a sum of Rs. 192 crores has been allocated for the Nationa! Rural Employment Programme and the Rural Landless Employment Guarantee programme. These programmes are being introduced at the district level. But while giving benefits *to* the rural people, there is no committee to check the functioning of these programmes to know whether the benefits under them reach the poor mass of needy people who are entitled to those ban "fits. Further, it is only a short term measure which is being adopted for the purpose of rehabilitation of there people. While providing the short term measures, the Government should also see th at it is also a permanent measures for the purpose of development of these people. Coming to subsidies, a sum of Rs. 3oocroreshas been allotted in this Budget. According to the information gathered it is only for tribals and adivasis for supplying wheat and rici to them, Madam, j this scheme may be introduced also for the benefit of the people who are living in the rural areas and who are living below the poverty line.

Coming to the tax pattern, Madam, I would like to say a few words about, it. The tax pattern is not uniformaly placed in regard to sales tax and excise duty in all the States, especially in our State, the tax which is collected by way of excise duty on liquor and sales tax on chassis and cars is 3 per cent. But it is 12 percent in Tamil Nadu and in Andhra Pradesh it is much more higher and so also in 'Karnataka, Therefore, we find it very difficult though we have very good business but there is hoarding and blackmar-ting and smuggling and therefore the tax pattern may bs made rational and brought on par with the other States since the consumption which we require is only for our State;.' ,

With these word s, Madam, I thank you very much for giving me opportunity to speak and I conclude.

SHRI GHULAM RASOOL MATTO (Jammu & Kashmir): Madarn Deputy Chairman, we are speaking on the Appropriation No. 6 Bill, 1985. This envisages an expenditure of Rs, 1824.65 crores. I have before me the Appropriation Bill no. 5 under which, in the last session, we were required to appropriate Rs, 3,872 crores. So, in effect, it means that the two Bills. No. 5 and No. 6 make a total of Rs. 5697 crores. For all pratical purposes, Madam Deputy Chairman, this seems to me to be a case of bad budgeting. I do not know about Appropriations No 1-2-3-4 and whether any of these also pertains to this current year : I am not aware of that ; but only taking these two into account, it means that we are required to appropriate a further sum

[Shri Ghulam Rasool Matto]

of Rs. 6000 crores. This is obviously a case of bad budgeting. I do not understand why such contingencies were not taken into account.

From the analysis of this chart I find that Rs. 740 crores are to be transferred to the States. If this sum constitutes the money that has to be transferred to the States as a result of drought etc., I can understand that but if this is a regular transfer, this should have been envisaged in the original Budget. I do not understand this.

Another point is, when the Budget is presented, we are provided with various papers and documents—which is quite a weight— given explanations for various expenditures. But for a sum of Rs. 18267 crores, what we have been given is just this piece of paper. Does not the Government owe an explanation to Members of Parlaiment ? I do not say that this expenditure to be incurred by the Government is not called for it must have been called for and it must be so but does the Government not owe an explanation to us in this respect ? In the original Budget, for instance, in the case of Department of Rural Development, if we have earmarked a particular sum and now a further stun of Rs. 194 crores is envisaged, a small booklet containing explanations for each expenditure and why it is necessitated, should have been the normal courtesy extended to Membar of Parlaiment. I would request the hon. Minister that while presenting further Appropriation Bills, or Supplementary Bills he must also furnish an explanatory memorandum. If he can supply to us a mass of documents alongwith Budget papers, why should he not pass on this information to us in time? I would request him that in future this apsect should be taken into consideration.

A further expenditure of Rs. 2s crores has been asked for in the Industries Department. I have been crying hoarse here in this House that so far as public sector investment in Jammu and Kashmir is concerned, out of a total of about Rs. 37,000 crores we have only about Rs. 6. 7 crores investment in the entire region. Now that the Seventh Plan is being discussed. I would urge the hon. Ministtr that he should tell the Ministry of Industry that we have got both the climates in Jammu and Kashmir for heavy industry to be set up in the Jammu region and electronics and other telecommu-| nication equipments industry to be set up in the Kashmir Valley. I would urge upon the Minister to see that we get some share out of this in the coming years.

A further sum of Rs. 40 crores has been asked for, over and above the budgeted sum, for road and inland water transport. There was a question today in the Question Hour on pollution and certain national rivers were to be identified where pollution control measures are to be taken up. I would request the hon. Minister to convey to the concerned Ministry that river Jhelum which crosses the entire valley of Kashmir should also be declared as a national river and pollution control methods should be adopted in this respect and a provision made therefor.

In the Department of Food, a further sum of Rs. 300 crores has been asked for. I do not know what it is. Is it required for investment in the FCI or any other productive activity. That is why I said that an explanatory memorandum should have satisfied us. This should have been done. This should have been explained to us. There should have been an explanatory memorandum, that this amount is required for this purpose.

With regard to village and small-scale industries, a further sum of Rs. 50 crores has been provided. I hope, the State of Jammu and Kashmir will get its due share in this allocation

made for small-scale and village industries because in the absence of any other industry, the small-scale and village industries need to be helped a lot.

The other point wi ich 1 should like to make is in regard to the tourist industry in our State. Not enough provision has been made in ti e Budget for the tourist industry in Jammu and Kashmir. What we ^really need now in Jammu and Kashmir is the diversion of inland domestic tourism to Kashmir because wc have had three load years in Kash-ir. Our tourist industry is in shambles. Our hotels were almost empty. I would request the hon. Minister to convey to the Ministry concerned, the Tourism Ministry, so that enough provision is made for the tourist industry also. Tourism is one of the mainstays of our economy, apart from small-scale and village industries.

Now, Madam, I have no option but to accept what has been propose d by the hon. Minister. But I hope, the observations made by me will be taken into consideration by him. I am grateful to Mr. Poojari. I did not say this earlier. I should have said this in the beginning of my speech. When the earlier Appropriation Bill was discussed, I had observed that whatever points that are made in the discussion on the Appropriation Bill should be conveyed to the Ministries concerned, by the Finance Ministry. The Finance Ministry is concerned with only a few of these items. The other items are concerning different Ministries. I am very greatful to him that I have received information from him that the points raised by i me on the last occasion were duly conveyed by him to the concerned Ministries . I hope he will keep up this tradition, this practice and I h ope, whatever points have been made, whether from this side or from that side, by Members, will be conveyed to the Ministries concerned. This is very important and this should be taken note of.

The last point I would like to make is in regard to the coin and note shortage. While coming from home every day, I give^a two rupee note to the matador man. but he is not in a position to return the balance one rupee. This is because there is acute shortage oi one rupee notes and coins. This has been discussed in this House and the hon. Minister has said that effective measun s are being taken to tide over this difficulty. Here I have one small suggestion to make. I was in China in June. I found that paper currency in coins is in vogue there. When I asked them, they said that it has come to stay and it has become very popular there. I would suggest that instead of having coins, which cost a lot because of the high cost of aluminium and other things, he should appoint in his Ministry a working group to find out if there is a possibility of introducing paper currency in coins. I have my self seen this in China ; I have been given 50 cents and paper currency coins.

Madam, I hope, this and other points made by me will be taken into consideration by the hon. Minister.

THE DEPUTY CHAIRMAN : Mr. Matto, as far as your first query is concerned, I am informed by the office that the supplementary demands for grants are always laid on the Table of the House. In the present case, this was done on 26-11-85 Explanations have been given in regard to the various demands and you could have taken it from there.

The House is now adjourned till 2,30 P.M.

The House then adjourned for lunch at thirty minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at thirty-three minutes past two ofthe clock, The Vice-Chairman Shrimati Kanak Mukherjee) in the Chair.

श्री घनश्याम सिंह (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदया, माननीय उपसभाध्यक्ष महोदया, आपने मुझे अनुदान की पूरक मांगों के संबंध में बोलने के लिए समय दिया इसके लिए मैं आपका हृदय से आभारी हूं। मैं इसका समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं जब कभी अनुदान की पूरक मांगों के बारे में चर्चा होती है तो सदैव ही कुछ बातें हुआ करती हैं। विरोधी दल के लोग हमेशा कहते हैं कि बजट बनाते वक्त इनको क्यों नहीं सम्मिलित किया गया था। यह हमेशा परम्परागत प्रश्न चला आया है हमेशा इसके बारे में चर्चा की जाती है। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि हम लोगों का बजट फरवरी में बनता है और फरवरी से जो अनुदान की पूरक मांगें होती हैं एक लम्बा अरसा गुजर जाता है और देखने में आता है कि हमारी आवश्यकताओं तथा बजट में बहुत सी नीतियों में परिवर्तन करना पड़ता है, बहुत से खर्चों में बदलाव करना पड़ता है जो समय के अनुरूप होते हैं। उनको यदि बजट की पूरक मांगों में न लिया जाए तो किस तरह से लिया जाएगा। इस तरह से मैं एक बात और कहना चाहता हूं। यह पूरक मांगें ही हैं यदि यह पास न की जाएं तो आप लोगों को सरकार के कार्यक्रमों पर चर्चा करने का मौका कैसे मिलेगा? आप किस तरीके से सरकार के कार्यक्रमों पर आपत्ति कर सकते हैं कि आप अपने कार्यक्रमों में सुधार कीजिए यह संशोधन कीजिए यह काम आप जो कर रहे हैं गलत कर रहे हैं। इन सब की चर्चा करने का मौका मिलता है अनुदान की मांगों पर बहस करने के कारण।

तो इसलिए भी खास तौर से मैं उन लोगों से कहूंगा कि उनके लिए यह मौका है जिसके द्वारा वे अपनी बात कह सकते हैं। इसी संबंध में मैं वित्त मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि इस बीच में उन्होंने जो कार्यक्रम किये हैं जो योजनाएं लागू की हैं स्वागत योग्य हैं। उन्होंने पिछले दिनों सदन में घोषणा की थी कि हम अपने खर्च में 8 सौ करोड़ की कटौती करने जा रहे हैं। 800 करोड़ की कटौती करके वे दिखाना चाहते हैं कि सरकार के खर्चों में जो मितव्ययिता लानी है उस में यह एक उनका कदम है जिसका सभी को स्वागत करना चाहिए और मैं समझता हूं कि पूरा देश इसका स्वागत कर रहा है। उन्होंने बजट बनाते वक्त यह घोषणा की थी कि हम जो गरीब लोग हैं, गांव के हैं उनको ऊपर उठाने के कार्यक्रमों को बढ़ावा देंगे। आज से पूरक मांगें पेश करके और खास तौर से 6 करोड़ का प्राविजन करके उन्होंने यह साबित कर दिया है कि आज गांवों के रहने वाले जो लोग हैं उनको बढ़ाने के लिये सरकार क्या काम करना चाहती है। उनकों किस तरह से ऊपर उठाना चाहती है।

उन्होंने बजट बनाते वक्त यह भी घोषणा की थी कि बोनस के बारे में विचार करेंगे और उन्होंने सदन में बोनस जो 7 सौ रुपये तक दिया जाता था उसकी सीलिंग को बढ़ाकर 1600 तक किया और अभी पिछले दिनों जो एक्ट पास हुआ है उसमें इसको बढ़ाकर 2500 कर दिया गया है। यह उन गरीबों के लिए जो बहुत दिनों से आशा लगाए हुए थे कि हमारी सरकार कुछ करे, उनके लिये एक ऐसा कदम है जिसका सभी स्वागत कर रहे हैं और मैं समझता हूं कि विरोधी दलों ने भी इसका स्वागत किया है।

पिछले दिनों चीनी की किल्लत आई थी। यह सही है लेकिन चीनी की कमी को किसी तरीके से दूर कर के लोगों को चीनी मुहैया करा दी गयी है। हमारी सरकार जागरूक है इस दिशा में और बेसिक जो गन्ने के मूल्य थे उसको उन्होंने 14 रुपये से बढ़ाकर 16 रुपये किया है और आगामी वर्ष में 16 से बढ़ाकर 17 रुपये करने की घोषणा उन्होंने एक साल पहले कर दी है। यह देखा जाये तो बहुत दूरदर्शिता की नीति है। हमारी सरकार जानती है कि अगले वर्षों में किसी तरह से चीनी का उत्पादन बढ़ाने में, यह नीति एक कदम होगी और और मैं समझता हूं कि इससे गन्ना उत्पादकों पर प्रभाव पड़ेगा और देश में चीनी का उत्पादन अगले 2 वर्षों में जिसकी परिकल्पना हमारी सरकार कर रही है उसके अनुरूप होगा, किसान गन्ना पैदा करेंगे ऐसा मेरा विश्वास है।

मैं सरकार द्वारा किये गये कार्यक्रमों की तरफ ध्यान लाना चाहूंगा। हमारे वित्त मंत्री जी नें जमाखोरों के खिलाफ तस्करों के खिलाफ कर चोरों के खिलाफ एक अभियान छेड़ा है। मैं समझता हूं कि आज देश का

गरीब आदमी, आज देश की ग्रामीण जनता जो पढ़ लिख गयी है वह गांव में बैठकर—हम सदन में चर्चा करते हैं—लेकिन वे गांव में अलावों पर बैठकर राजनीतिक चर्चाएं करते हैं । वहां सरकार द्वारा किये गये कार्यक्रमों की चर्चा होती है वहां पर यह भी चर्चा होती है कि सरकार इस बात के लिए सचेत है जागरूक है और जो लोग कर चोरी कर के धन इकट्ठा करते हैं, बुरे तरीके से पैदा करते हैं उनको पकड़ने की कोशिश कर रही है । कहीं हेरोइन पकड़ी है, कहीं कुछ पकड़ा है तो आपनें जो तस्करों के खिलाफ जेहाज छेड़ रखा है जनता उसका स्वागत कर रही है और सबसे ज्यादा स्वागत आपकी इस नीति का हुआ है इस कार्यक्रम का हुआ है कि आपने तस्करों को तो पकड़ा ही लेकिन जो आपके विभाग के भ्रष्ट अधिकारी हैं जो कर चोरों से मिले हुए रहते हैं, कर चोरी कराया करते थे आपने उन पर भी छापा मारा है, उनको भी पकड़ा है । इससे सरकार के ऊपर विश्वास पैदा हुआ है जनमानस का कि वास्तव में यह बात सही है और जो राजीव गांधी की सरकार है यह वैसे भ्रष्ट लोगों को कतई नहीं बख्शेगी जो अब तक कालाधन पैदा करते चले आये हैं ।

इस संबंध में मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि आपने पिछले बजट में टैक्स रेट में कमी की है लेकिन उससे आपके राजस्व में कमी नहीं आई है । यह इस बात को इंगित करता है कि आपकी सही नीति थी । आपने लोगों को रियायतें दीं लेकिन राजस्व में कमी नहीं आई । इस बारे में कभी कभी एक दो आदमियों से मेरी बातचीत हुई है । आखिर यह कर चोरी क्यों होती है । इसके मूल में जाय तो टैक्सेज क्योंकि इतने ज्यादा हैं इसलिए आदमी सोचता है कि चोरी करके अपने पास रखा जाय, कालाधन भी हो जाता है और उससे लाभ भी हो जाता है । इस कर चोरी को बचाने में यह बात भी सही है कि जो विभाग के अधिकारी हैं उनके ऊपर भी खर्च होता है तब ही आदमी चोरी कर पाता है । मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि आपका जो स्ट्रक्चर है जो ढांचा है उस पर एक दफा पुनर्विचार करें और देखें कि क्या इसमें कुछ और रिलीफ दिया जा सकता है, मैं समझता हूं कि जो देश में उत्पादन में लगा हुआ आदमी है, व्यापार में लगा हुआ है । यदि आपका टैक्स रेट और भी कम हो जाएगा तो वे लोग कर-चोरी करने की ओर आकृष्ट नहीं होंगे और मैं समझता हूं कि जो राजस्व आपको प्राप्त होता है, उसमें कोई कमी आने की संभावना नहीं है ।

आपने पिछले बजट में प्रत्यक्ष कर के रूप में तथा एक्साइज के रूप में राहत दी । पिछले साल और अब के आंकड़े देखने से पता लगता है कि पिछले वर्ष में 1800 करोड़ रुपया राजस्व वसूल किया था, वह इस साल दो हजार करोड़ किया है । इसी तरह से एक्साइज आपकी 900 करोड़ पिछले साल थी, इस बार 1200 करोड़ थी । इससे दिखाई देता है कि आप सचेत है और उन कामों को कर रहे है, जिनसे टैक्स आपका पूरा वसूल हो । एक बात और, जिसकी हमारे सभी भाई चर्चा करते है कि मंहगाई बहुत बढ़ गयी है सरकार ने मंहगाई को रोकने के लिये कार्यक्रम भी किए है, मैं उनके कार्यक्रमों की सराहना करता हूं लेकिन दो बातें देखने में आयी है । हमारे माननीय वित्त मंत्री जी ने पिछले सदन में भी खास तौर से हम लोगों को एक ग्राफीकली—स्टेटमेंट देकर समझाया था कि मुद्रास्फिति पिछले वर्षों में कितनी हुई है बजट के बाद और अब कितनी है । उस तरीके से तो मंहगाई नहीं हुई है । लेकिन कभी कभी मंहगाई का असर सबसे ज्यादा ग्रामीण या शहरी महिलाओं को पड़ता है, उनकी प्रतिक्रिया को हो हम सब यहां प्रस्तुत करते है आपके सामने कि महंगाई बढ़ गयी है । इसमे खास तौर से सर्दियों में मंहगाई बढ़ी, छोटी—छोटी चीजों में मंहगाई बढ़ी थी । लेकिन आप समझ रहे थे, उन चीजों को लेकर जिनमें मंहगाई नहीं बढ़ी थी, इसलिए आप का प्राइस—इण्डेक्स कम आता है और इससे लगता है कि मंहगाई नहीं बढ़ी है । लेकिन जो छोटी-छोटी चीजें है, उनकी तरफ भी आपका ध्यान जाना चाहिए, उनके लिये कोई नीति अपनाएं कि उनके भाव किसी तरीके से कम आयें । मैंने खासतौर से यह भी देखा है कि आपकी जितनी मंहगाई नहीं बढ़ती है, उससे ज्यादा

[श्री घनश्याम सिंह]

उसका प्रोपोगंडा किया जाता है और उसके पीछे एक साजिश होती है, मैं आपको बता देना चाहता हूं कि जिनके म्युचुअल इंटरेस्ट होते हैं, जिनको आप पकड़ रहे है, जिनके खिलाफ आप कार्य-वाही कर रहे, है, वे सब लोग इस प्रकार का प्रोपोगण्डा करते हैं और पब्लिसिटी करते हैं यह दिखाने के लिए कि किसी प्रकार से देश में इस प्रकार का वाता-वरण पैदा हो, यह दिखाई दे कि आपका मंहगाई पर कंट्रोल नहीं है और किसी तरह से आपको फेल बताना चाहते है । मैं चाहता हूं कि मंहगाई को काबू करने के लिये आप जो कार्यक्रम चला रहे है, उनकी तो सराहना करता हूं और चाहता हूं कि और भी कार्यक्रम इसके लिये बनाने की कोशिश करें ।

मैं अपने वित्त राज्यमंत्री महोदय श्री पुजारी जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि बैंकों का जिस तरीके से आप काम करा रहे हैं, ऐसा दिखाई देता है कि स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की नीतियों के अनुसार है । श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण इसलिए किया था, उनका एक सपना था कि किसी तरह से ग्रामीण अंचलों में लोगों को पैसा दिया जाय, गांव के लोगों को तरक्की करने का अवसर दिया जाय और इस ओर आदरणीय पुजारी जी उन बैंकों को ले जाने के लिये भरसक प्रयत्नशील हैं और मैं यह भी जानता हूं कि इन्होंन गांव–गांव में जाकर, ग्रामीण अंचलों में, सुदूर इलाकों में जाकर खुद ऋणों का वितरण किया है । लेकिन माननीय पुजारी जी मैं यह कहना चाहता हूं कि जो भ्रष्टाचार और जगहों पर हैं, आपके बैंक भी उससे अछूत नहीं रहे हैं । हम गरीब लोगों को राहत देते हैं, निस्संदेह बहुत लोगों को राहत मिल रही है, इसके लिये तो मैं आपकी प्रशंसा करता हूं । लेकिन हमारे बैंकों में भ्रष्टाचार हो गया है और उन गरीब लोगों को, जिनको आप उठाने के लिये कृतसंकल्प हैं और हमारी सरकार कृतसंकल्प है, उनको परेशानी होती है । आपके बैंक कुछ इस तरह से काम करते हैं, जिससे उनकी परेशानी हमको सुनने में आती हैं और अगर यह न कहें तो अपनी जिम्मेदारी हम पूरी नहीं कर रहे हैं उन गरीबों के प्रति, जिन्होंने इसको भोगा है ।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि हमारे प्रधानमंत्री जी ने जो शिक्षित बेरोजगार लोग हैं, उनके लिए योजना चलाई थी और उसमें आपने कदम उठाए है और लोगों को पैसा देने की आपने कोशिश की हैं । लेकिन इस योजना में सेलेक्शन से लेकर ऊपर तक कहीं न कहीं बहुत सी कमियां है । एक कमी के बारे में आपको बता दूं कि पिछले साल आपने कुछ लोगों को कर्जा देना था, लेकिन उससे तीन गुना लोगों को कमेटी से आपने चयन कराया था । आपके बैंक ने तो एक तिहाई को कर्जा देना था, बाकी दो को तो कर्जा मिलना ही नहीं था, उनको परेशानी उठानी पड़ी । पिछली दफा हमारी मीटिंग हुई कंसलटेटिव की, उसमें यह निश्चय किया है कि ज्यादा से ज्यादा दस परसेंट से ज्यादा एप्लीकेशन न पहुंचे, जिससे लोगों को भी परेशान न होना पड़े । एक बात इस सिलसिले में और कहना चाहता हूं कि आप ऋण तो दें देते हैं, गरीब लोगों को एक तरह से सहायता भी देते हैं, लेकिन जब तक उसका फॉलो–अप नहीं करेंगे, आप देखेंगे नहीं कि कोई तरक्की की है या नहीं की, तो कोई मशीनरी बनाए, कोई तरीका अपनाएं, लेकिन आप को देखना पड़ेगा और जब तक देखेंगे नहीं अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं करेंगे । एक बात मैं और कहूंगा खास तौर से कि विदेश व्यापार में काफी घाटा हुआ है जिसके बारे में सदन में सभी लोगों ने चिन्ता व्यक्त की है । जो लोग विदेश व्यापार में अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए काम करते हैं उन पर अंकुश लगाने में आपने कोई कसर नहीं रखी, लेकिन वे लोग किसी न किसी तरीके से लाभ उठाने के तरीके निकाल लेते है । मैं चाहूंगा कि विदेश व्यापार नीति में जो लेक्यूना है उनको दूर करके जो व्यक्ति-गत फायदे के लिए बाहर से चीजें मंगा कर ज्यादा मुनाफा कमाते है उन

पर अंकुश लगावें । जब तक आप आयात को कम करके निर्यात को नहीं बढ़ाएंगे आपका काम चलने वाला नहीं है क्योंकि एक्सपोर्ट हमारी आय का सबसे बड़ा स्रोत है । इसलिए उन पर ध्यान देने की आवश्यकता है ।

आपने दिल्ली परिवहन निगम को 40 करोड़ रुपए देने का प्रावधान किया है । आप निगमों को सहायता दें, मैं उसका विरोधी नहीं हूं, लेकिन आखिर यह आप कब तक करेंगे, कौन सा दिन होगा जब आप सोचेंगे कि हमको इस प्रक्रिया को बन्द करना है । आज आप किसी स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड को उठाकर देखें, परिवहन निगम को उठाकर देखें, सब घाटे में चल रहे हैं। देश का कितना पैसा उनके घाटे को पूरा करने में खर्च कर दिया जाता है । आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने घोषणा की है कि उनके घाटे को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता, उनको व्यक्तिगत तौर पर जिम्मेदार बनाया जायेगा । लेकिन अभी उतना प्रभावी असर नहीं दिखाई पड़ता जिससे वह घाटा कम हो । चाहे दिल्ली परिवहन निगम, चाहे गुजरात का हो, सभी परिवहन निगमों में घाटा है । आप कृपया इस नीति पर विचार करें । आप गांवों में जाकर देखिए, मैं जाकर देखता हूं, वे लोग कहते हैं कि आप बसें चलाइये, हम टैक्स देने को तैयार हैं, और भी पैसा दे सकते हैं । बस चलाने में लाभ होता है, निगम किराया भी ज्यादा लेते हैं, सुविधा भी कम देते हैं, फिर भी घाटा हो तो समझ में नहीं आता । यह घाटा कम हो तभी लाभ हो सकता है । जब तक आप इनके ऊपर अंकुश नहीं लगाएंगे तब तक अपना कर्तव्य पूरा नहीं कर पाएंगे ।

दैवी विपत्तियों के समय सरकार सदैव सहायता करती है, लेकिन वह कुछ इस तरह से होती है कि उसका पूरा लाभ लोगों को नहीं मिल पाता । दैवी विपत्ति जब आती है तो मैंने अक्सर देखा है कि पर्याप्त मात्रा में सहायता नहीं मिल पाती, सहायता समय से नहीं पहुंच पाती । जब आदमी मुसीबत में आज मुब्तिला है और आपकी सहायता तीन महीने बाद पहुंच रही है जब वह अपने पैरों पर खड़ा हो जाये तो उसे सहायता नहीं कर सकते । ऐसी प्रक्रिया अपनावें जिससे दैवी विपत्तियों के समय जो सहायता दी जाती है वह इतनी तुरन्त और तीव्र गति से पहुंचे जिसको सहायता मिल रही है वह महसूस करे कि सरकार ने सही समय पर सहायता की है । इस पर आप विचार करिए । इसके साथ ही मैं यह अनुरोध करूंगा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने दैवी विपत्तियों से हुए नुकसान के लिए 1400 करोड़ की मांग की थी । आपने सवा करोड़ रुपया दिया है । अगर आप विचार करके जल्दी मांगी हुई राशि दे सकें तो बड़ा अच्छा होगा ।

आज समाज में कई अपव्यय होते हैं । मैं ज्यादा चर्चा न करके एक अपव्यय की तरफ ध्यान दिलाना चाहूंगा । दिल्ली में शाम को जाइए तो देखेंगे कि शादियों में डैकोरेशन पर खर्चे होते हैं, बिजली पर खर्चा होता है, न जाने क्या-क्या खर्चे होते हैं । पहले तो लगता है कि हमारे देश में गरीबी नहीं है । कोई ऐसा तरीका निकालें जिससे शादियों में होने वाले अपव्यय को रोका जा सके जिससे वह पैसा देश के निर्माण में लग सके तो ज्यादा अच्छा होगा ।

आपने ग्रामीण विकास के लिए बहुत योजनाएं दी हैं, बहुत सा काम किया है । मैं केवल दो-तीन योजनाओं का उल्लेख आपके सामने करना चाहता हूं । यदि गांवों में आप पीने का पानी, सड़कों तथा बिजली की व्यवस्था कर दें तो इन तीन चीजों के मिलने से जो चौथा काम है गांवों के विकास के वह वहां रहने वाले लोग स्वयं ही कर लेंगे । तो मैं आपसे निवेदन करूंगा कि आपने योजनाओं पर निश्चित रूप से अमल किया है, काम किया है । जब हम हरियाणा की बात करते हैं तो पता चलता है कि हरियाणा में 8–10 साल पहले अंतिम गांव का इलेक्ट्रिफिकेशन हुआ था, लेकिन जब हम उत्तर प्रदेश की बात करते हैं तो हमारे अंतिम

[श्री घनश्याम सिंह]

गांव में कब विद्युतीकरण होगा, इसकी हम कल्पना नहीं कर पाते । तो मेरा कहना है कि गांवों को आप पीने का पानी दे दें, सड़कें दे दें और बिजली दे दें तो गांव के बाकी सब काम वह स्वयं कर सकते हैं । मुझे आशा है कि सरकार उनकी बेसिक नीड्स पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी और उसके ज्यादा प्रावधान करेगी ।

आप ने कृषि मूल्य आयोग का गठन किया है। गांव की उपज के भाव वह तय करता है । हम कहते चले जा रहे हैं कि अग्रिकल्चर को भी इंडस्ट्री डिक्लेयर किया जाए लेकिन वह किसी तरीके से नहीं हो पा रहा है । आपने मूल्य निर्धारण की जो नीति अपनाई है वह ठीक है। लेकिन जसे मैं किसान हूं, गन्ने की मूल्य नीति की प्रशंसा करता हूं, लेकिन मैं एक बात कहना चाहता हूं कि जो आप दे रहे हैं वह भी सब को नहीं मिल रहा है। आपने गन्ने का मूल्य घोषित किया है उसका पैसा किसानों को कब मिला, इसका आप विश्लेषण करें तो आप देखेंगे कि गन्ने का मूल्य किसान को तब मिला जब मिल चलनी आरंभ हुई। उसके बाद भी अभी भी किसानों का काफी बकाया रह गया है। जब गांव का आदमी फसल बेचता है तो उसे वह अपनी आवश्यकता को देखते हुए बेचता है और उसको उसका उचित मूल्य समय पर नहीं मिले तो उसका क्या लाभ होगा? आपने धान का मूल्य घोषित कर रखा है। लेकिन उसकी व्यवस्था क्या हो रही है। किसान का धान उत्पादन हो गया, आपने समर्थन मूल्य भी घोषित कर दिया, लेकिन उसको धान का मूल्य नहीं मिल पा रहा है। आपकी ऐजेन्सीज के द्वारा वह खरीदा नहीं जा रहा है। इसलिए मैं अनुरोध करूंगा कि आप अपनी ऐजेन्सियों को सक्रिय करें। इसी तरह से गेहूं और आलू की समस्या है।

मैं और ज्यादा न कहते हुए इतना ही कहना चाहूंगा कि मैं अलीगढ़ का रहने वाला हूं। हमारी भूतपूर्व प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने सलमपुर परियोजना पैट्रोकेमिकल्स को चलाने की घोषणा वहां 1977 में की थी। वहां पर जमीन भी किसानों से ले ली गई थी। उसका डैवलपमेंट भी हो गया है। लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि सरकार ने जो कृषकों की जमीन ली थी, उसका तो उनको मुआवजा दे दिया जाता जिस से कि कम से कम उन लोगों को आशा हो जाती कि हम को मुआवजा मिल गया है। मैं जानता हूं, मैंने उद्योग मंत्री जी से बात की तो वह कहते हैं कि शीघ्र योजना को चालू किया जा रहा है। तो मैं अनुरोध करूंगा कि इस योजना को तीव्र गति से चलवा दें जिस से कि लोगों में विश्वास पैदा हो जाए क्योंकि वह हमारी स्वर्गीय प्रधान मंत्री जी का आश्वासन था।

अंत में मैं कहना चाहता हूं कि अलीगढ़ में पर्यावरण की समस्या गंभीर है। आज प्रश्नोत्तर काल में ही पर्यावरण की बात चल रही थी। अलीगढ़ नगर के बीचोंबीच एक बड़ा सौंदर्य स्थल अचल ताल था, कभी वहां पर रमणीय स्थल पर लोग जाया करते थे। लेकिन पर्यावरण की वजह से ऐसी स्थिति हो गई है कि शहर के सभी नाले अचल ताल में आकर गिरने लगे हैं। मैं अनुरोध करूंगा कि उसकी ऐसी योजना बनवा दें जिससे कि शहर के बीचोंबीच पर्यावरण जो खराब हो गया है वह ठीक हो सके ।

इन शब्दों के साथ मैं माननीय वित्त मंत्री जी ने जो अनुदान की पूरक मांगें सदन में पेश की हैं, उनका समर्थन करता हूं।

श्री कल्पनाथ राय (उत्तर प्रदेश) : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदया, वित्त मंत्री महोदय ने जो विनियोग संख्या 6 विधेयक 1985 प्रस्तुत किया है मैं उसका समर्थन करता हूं। आदरणीय वित्त मंत्री जी आप एक ईमानदार और सच्चे व्यक्ति हैं। मैं आपका ध्यान इन बातों की तरफ ले जाना चाहता हूं। इस समय

बहुत से विभाग हैं जिन पर धन खर्च किया जाना है—सहकारिता, ग्रामीण विकास, रसायन, संचार, ग्रामीण संचार मंत्रालय, राज्य सरकारों के वित्त मंत्रालय, खाद्य विभाग, उद्योग, ग्रामीण उद्योग, सूचना और प्रसारण—ये विभाग हैं। मैं सभी बातों पर चर्चा नहीं करूंगा मगर मैं हिन्दुस्तान के गांव, हिन्दुस्तान के किसान, किसान के खेतों के संबंध में आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा।

मैंने मार्क्सवाद का अध्ययन किया है। मार्क्स ने लिखा है कि जब किसी देश में पूंजीवाद का विकास होने लगता है तो एग्रीकल्चर सेक्टर को एक्सप्लाइट करके विकासशील देशों में पूंजीवाद मजबूत और शक्तिशाली होता है। आज मैं मार्क्स की बात को बहुत सही पाता हूं। एक तरफ योजनाएं ग्रामीण विकास की, किसानों की बनाते हैं, गांधीजी ने हिन्दुस्तान की आजादी की लड़ाई के दौरान प्राथमिकता दी थी ग्रामीण विकास पर, ग्रामीण स्वराज्य, कृषि विकास पर। हिन्दुस्तान की आजादी के बाद हिन्दुस्तान का क्या भविष्य होगा यह गांव के विकास पर मुनहस्सर करता है। आजादी के बाद लगातार गांव से लोग खेतों को छोड़ कर कलकत्ता, बम्बई, हैदराबाद आदि शहरों की तरफ भाग कर आ रहे हैं। शहर के लोग गांवों की तरफ नहीं जा रहे हैं। इस सदन के अंदर चाहे सरकारी पक्ष के लोग हों या गैर सरकारी पक्ष के लोग हों, मैं डंके की चोट पर चुनौती के साथ कहना चाहता हूं कि आज गांव से लोग कस्बों की तरफ, छोटे शहरों की तरफ, बड़े शहरों की तरफ, महानगरों की तरफ लाखों की संख्या में उजाड़ कर भाग रहे हैं। गांव में या बड़े-बड़े नगरों में दिल्ली के अगल-बगल कुछ फार्म हाउसेज का निर्माण हो रहा है, बड़े-बड़े करोड़पति, बड़े-बड़े राजा महाराजा ताल्लुकेदार, बड़े-बड़े सेठ, अपने शौक के लिए, आराम के लिए फार्म हाउसेज का निर्माण कर रहे हैं। लेकिन असलियत में जो हिन्दुस्तान के गांव हैं उनका विकास सही माने में नहीं हो रहा है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि ग्रामीण विकास मंत्रालय को आप अरबों रुपये देंगे ग्रामीण विकास के लिए लेकिन इन अरबों रुपयों को कौन खर्च करेगा; इसका नियन्त्रण राज्य सरकार के द्वारा होगा। राज्य सरकार रुपया खर्च करेगी और केन्द्रीय सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री ने कोई गड़बड़ पाई तो कोई भी एक्शन या कार्रवाई नहीं कर सकते। प्रदेशों की हालत यह है कि 9 महीनों तक ग्रामीण विकास का तो एक भी पैसा खर्च नहीं होता और 31 मार्च के पहले जो तीन महीने हैं उसी समय सारा रुपया खर्च होता है। इसलिए हिन्दुस्तान के गांवों का विकास करने के लिए, हिन्दुस्तान के खेतों का विकास करने के लिए, किसानों के खेतों में पैदा होने वाली चीजों का उचित मूल्य देने के लिए जब तक सरकार प्राथमिकता नहीं देगी तब तक उसके लिये प्राइयोरिटी नहीं देगी तब तक हम अपने हिन्दुस्तान को शक्तिशाली और मजबूत हिन्दुस्तान नहीं बना सकते। हम हिन्दुस्तान की अर्थ व्यवस्था का निर्माण यूरोप की नकल करके नहीं कर सकते।

3 p.m. पूरे यूरोप का विकास शहरीकरण और औद्योगीकरण के आधार पर हुआ है। इंडस्ट्रियालाइजेशन और सरबेनाईजेशन, ये दो यूरोप के विकास की बुनियाद रहे हैं। उनकी पूरी इकनोमी अरबेनाईजेशन, इंडस्ट्रियालाइजेशन और कम्प्यूटराईजेशन के ऊपर निर्भर करती है। लेकिन हिन्दुस्तान की पूरी अर्थ व्यवस्था की बुनियाद कृषि है, एग्रीकल्चर है और एग्रीकल्चर पर आधारित इंडस्ट्रीज हैं। स्माल स्केल इंडस्ट्रीज और मिडियम स्केल इंडस्ट्रीज, ये दोनों कृषि और इंडस्ट्री के कम्प्लीमेन्टरी और सप्लीमेन्टरी हैं। इन्हीं के आधार पर हम हिन्दुस्तान का विकास कर सकते हैं। अगर हमारी अर्थ व्यवस्था इन चीजों पर आधारित नहीं होगी तो हमारा विदेशी बैलेन्स आफ पेमेंट का संकट लगातार बढ़ता जाएगा। हमारा एक हजार करोड़ का विदेशी बैलेन्स आफ पेमेंट है, यह और बढ़ेगा और हमारे सामने विदेशी पूंजी का हव्वा खड़ा होगा। मंत्री जी, आप बैंकों के भी मिनिस्टर हैं। हिन्दुस्तान के पूरे बैंकों का 75 हजार करोड़ का अधिकांश भाग पूंजीपतियों के पास है। हिन्दुस्तान के फाईनेंशियल इंस्टिट्यूशन्स के माध्यम से 27 हजार करोड़ रुपया उनको मिला हुआ है। आपने हिन्दुस्तान के करोड़ों लोगों का विकास करना

[श्री कल्पनाथ राय]

है। हिन्दुस्तान कैसे मजबूत होगा ? कैसे शक्तिशाली होगा ? 27 हजार करोड़ रुपया हिन्दुस्तान के फाइनेंशियल इंस्टिट्यूशन्स के माध्यम से 11 पूंजीपतियों को दिया गया है। हिन्दुस्तान के पूरे बैंकों की पूंजी 75 हजार करोड़ रुपया है। सरकार को गांव के विकास के लिए संकल्प लेना चाहिए कि वह हिन्दुस्तान के 7 लाख गांवों को सड़कों से जोड़ देगी। आप जानते हैं कि बाढ़ और सुखाड़ ने उत्तर प्रदेश और बिहार की दुर्गति कर दी है। वहां पर हर साल बाढ़ आती है। अब जुलाई में बाढ़ शुरू हो जाएगी और फिर चार महीनों तक बाढ़ आती रहेगी। उसके बाद सुखाड़ शुरू हो जाएगा। बाढ़ के नाम से सौ करोड़ रुपया दिया जाता है। इसी प्रकार से सुखाड़ के नाम से सौ करोड़ रुपये दिये जाते हैं। हमारे देश में पिछले 38 सालों से यह स्थिति चल रही है। पहले बाढ़ आता है, फिर सुखाड़ पड़ता है। जो पैसा इन कामों के लिए दिया जाता है उसको विभाग के लोग खा जाते हैं। आप देश में बड़ी-बड़ी योजनाओं के लिए करोड़ों देते हैं। लेकिन देखने में यह आता है कि नई योजनाओं की नींव तो डाल दी जाती है, लेकिन बाद में वे खटाई में पड़ी रहती हैं। मैं आपसे यह निवेदन करना चाहता हूं कि गांधी जी ने कहा था कि हिन्दुस्तान में कृषि को प्रायरिटी दी जानी चाहिए। कृषि करने वाले लोगों की आमदनी बढ़ाई जाय और उन्हें खुशहाल बनाया जाये। आज हमारे देश में स्थिति यह है कि गांवों में 1 रु० 15 पैसे में कोई धान खरीदने वाला नहीं है। दिल्ली में 8 रु० से कम में कोई भी चावल नहीं मिलता है। आप सब लोग पार्लियामेंट के मेम्बर हैं और चीजें खरीदने बाजार में जाते होंगे। दिल्ली में रद्दी से रद्दी चावल 8 रु० से कम में नहीं मिलता है। एक तरफ 1 रु० 15 पैसे में कोई धान खरीदने वाला नहीं है वहां दूसरी तरफ 8 रु० से कम में चावल नहीं मिलते हैं। रात-दिन मेहनत करके किसान धान पैदा करता है और उस धान को देहातों में 1 रु० 15 पैसे में भी कोई नहीं खरीदता है। मिल में कूटकर चावल बनाया जाता है और दो किलो धान में कम से कम डेढ़ किलो चावल मिलता है। और वही 8 रुपये में बिकने लगता है। तो जो मिल मालिक हैं, धान को कूटने वाले हैं, वे दूसरों के माल को खरीद कर के करोड़ पति बन जाएंगे। आज जो मिडलमैन है, जो पैदावार करने वाले लोग हैं वे लोग तबाह और परेशान हैं। मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान के सात लाख गांवों का सर्वे कराएं उनमें रहने वाले किसान और उनके खेतों में काम करने वाले मजदूर आज 90 परसेंट कर्ज से लदे हुए हैं। उनके ऊपर सरकारी कर्जे हैं, साहुकारों के कर्ज हैं, वे कर्जा पीढ़ी दर पीढ़ी दे नहीं पा रहे हैं और किसान आज भी अपनी कड़ी मेहनत और कठोर परिश्रम से देश की दौलत में इजाफा कर रहा है तो हम भी कहते हैं कि हिन्दुस्तान खाद्यान के मामले में आत्म-निर्भर हो गया है। विकासशील देशों के अन्दर हिन्दुस्तान सब से आगे है। हिन्दुस्तान ने कृषि में सारी दुनियां को पीछे छोड़ दिया है। लेकिन यह साफ बात है कि आज तक एग्रीकल्चर कास्ट एंड प्राइस कमीशन जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री जी ने एक साल पहले बम्बई में की थी इसका गठन नहीं किया गया, इसका निर्माण नहीं हुआ। जो हिन्दुस्तान के पूंजीपति हैं, निहित-स्वार्थ वाले लोग हैं, जो समाजवाद के दुश्मन हैं वे देश की दिशा होते हुए भी उसको सही दिशा में नहीं ले जाना चाहते हैं। देश की नेता श्रीमती इन्दिरा गांधी को आने वाला इतिहास याद रखेगा। सब से बड़ी चीज जो हिन्दुस्तान के संविधान में श्रीमती इन्दिरा गांधी ने कराई—India will be a democratic, secular, socialist republic-हिन्दुस्तान समाजवादी राज्य होगा। देश की नेता श्रीमती इन्दिरा गांधी ने हिन्दुस्तान के संविधान में यह संशोधन किया। यह श्रीमती इन्दिरा गांधी का सब से बड़ा कंट्रीब्यूशन है। समाजवाद की स्थापना, जवाहरलाल नेहरू जिस काम को नहीं कर सके उस काम को श्रीमती इन्दिरा गांधी ने किया। श्रीमती इन्दिरा गांधी चाहती थीं कि बीस सूत्री कार्यक्रम का इम्पलीमेंटेशन हो। उनके दिल में गरीबों के लिए तड़पन थी और वे जानती थीं कि जब तक हिन्दुस्तान की सर्वहारा जनता खड़ी नहीं होगी, तब तक हिन्दुस्तान की

70 करोड़ जनता मजबूत नहीं होगी हिन्दुस्तान मजबूत नहीं हो सकता है। हिन्दुस्तान के दो तीन करोड़ लोग मजबूत हैं उनकी मजबूती से हिन्दुस्तान मजबूत नहीं होगा। अगर योजनाओं का लाभ पांच-दस करोड़ लोगों को मिलेगा तब भी हिन्दुस्तान शक्तिशाली नहीं बनेगा। सातवीं योजना का और दूसरी योजनाओं का लाभ हिन्दुस्तान की 60–70 करोड़ जनता को मिलेगा तभी हिन्दुस्तान मजबूत बनेगा। सातवीं पंचवर्षीय योजना का लक्ष्य है उत्पादकता और उत्पादन। दो चीजों की बढ़ोतरी हमारी सातवीं पंचवर्षीय योजना का मुख्य लक्ष्य है। सातवीं पंचवर्षीय योजना की अप्रोच श्रीमती इन्दिरा गांधी ने अपने मरने के पहले जिस मसौदे को स्वीकार कराया था उसमें प्रोडक्टीविटी और प्रोडक्शन का मुख्य लक्ष्य रखा गया है यानी हिन्दुस्तान के गांवों में रहने वाले करोड़ों करोड़ किसान, मजदूर, उनके खेतों में पैदा होने वाले अनाज के लिए प्रोडक्टीविटी की बुनियाद है। लेकिन चाहे वह कपास के किसान हों, गन्ने के किसान हों, मूंगफली के किसान हों, चावल बोने वाले किसान हों, गेहूं बोने वाले किसान हों, हिन्दुस्तान के किसानों को जो रेमुनरेटिव प्राइस मिलना चाहिए वह नहीं मिल रहा है। इससे किसान खेती के काम को छोड़कर भाग रहे हैं। हिन्दुस्तान की बेकारी की समस्या तब तक हल नहीं होगी जब तक कि एग्रीकल्चर को प्राफिट की इंडस्ट्री के रूप में नहीं बनाया जाएगा। महात्मा गांधी जी जिस हिन्दुस्तान की कल्पना करते थे वह हिन्दुस्तान गांवों का हिन्दुस्तान होगा जिसकी इकनामी का बेस एग्रीकल्चर का होगा, जिसकी इकनामी का बेस गांव होगा, ग्राम स्वराज, ग्राम विकास, ग्राम उत्थान इसका आधार होगा। पूरे यूरोप की इकनामी का बेस है अर्बनाइजेशन और इंडस्ट्रियलाइजेशन। हिन्दुस्तान की इकनामी का बेसिस है एग्रीकल्चर और रूरल डेवलपमेंट। जब तक इस तथ्य को हम स्वीकार नहीं करते हैं हमारी एक नहीं कई पंचवर्षीय योजानाएं बनती जायें कुछ नहीं होगा। क्या हुआ है हिन्दुस्तान में ? जवाहरलाल नेहरू जी लगातार प्रयास करते रहे :

"I want to build a socialist structure of society."

आजादी की लड़ाई के दौरान लाखों स्वतंत्रता सेनानियों ने एक कमिटमेंट किया था हिन्दुस्तान की जनता के सामने कि समाजवाद की स्थापना हमारा लक्ष्य होगा। 1936 में जवाहरलाल नेहरू ने लखनऊ कांग्रेस में एक अध्यक्षीय भाषण देते हुये कहा :

"I want to bring about socialism in India. Without socialism, the problems of India cannot be solved. The problem of poverty and the problem of unemployment cannot be solved without socialism. When I say socialism, I mean scientific ?ocirlism and I want to convert the Congess Party into a socialist organisation."

1936 में जवाहरलाल नेहरू जी ने लखनऊ की कांग्रेस में उस समय कहा हिन्दुस्तान में पावर्टी और अनइम्प्लायमेंट की समस्या है। उस समय हिन्दुस्तान की आबादी केवल 35 करोड़ थी। आज हिन्दुस्तान की आबादी 70 करोड़ है और अनइम्पलायमेंट तथा पावर्टी ने जाइगैंटिक रूप धारण कर लिया है। 1936 से लेकर 1947 की आजादी के बाद से। जब देश आजाद हुआ तो अवाड़ी कांग्रेस में सोशलिस्टिक पैटर्न आफ सोसायटी बनाने का सपना जवाहरलाल नेहरू ने पेश किया, यह प्रस्ताव पास कराया। 1962 में भुवनेश्वर में कांग्रेस "सहकारिता समाज की आधारशिला होगी, जब कामराज कांग्रेस के अध्यक्ष बने तो, यह प्रस्ताव आल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने पास किया कि Co-operatives will be the basis of socialism. सहकारिता समाजवाद की आधारशिला होगी, यह प्रस्ताव जवाहरलाल नेहरू जी पास करते रहे मगर कांग्रेस पार्टी के अन्दर समाजवाद के दुश्मनों की ताकत इतनी मजबूत थी कि जवाहर लाल नेहरू जी भी समाजवादी कार्यक्रम का इम्प्लीमेंटेशन नहीं कर पाये। 1964 में जवाहर लाल नेहरू जी इस दुनिया में नहीं रहे। सन् 1967 में इंदिरा गांधी भारत की प्रधान मंत्री बनीं। उस समय कांग्रेस के अन्दर समाजवाद के दुश्मन इतनी भारी ताकत में थे कि 1969 में निजलिंगप्पा ने फरीदाबाद कांग्रेस में खुले आम कहा "Now the public sector will not occupy the commandmg heights of the economy."

[श्री कल्पनाथ राय]

श्रीमती इंदिरा गांधी ने फरीदाबाद कांग्रेस में

"I do not agree with Mr. Nijalirgappa. The public secto[1]" will occupy the commanding heights of the economy.'"

सवाल को लेकर कांग्रेस टूट गयी और कांग्रेस के टूटने के बाद जो प्रतिक्रियावादी, सामंतवादी राजे रजवाड़े थे जो देश के समाजवाद के दुश्मन थे वे सब रेड्डी कांग्रेस के नेतृत्व में इकट्ठे हो गए। श्रीमती इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, राजे महाराजाओं के प्रिवीपर्स को समाप्त किया इसलिए देशकी करोड़ों जनता श्रीमती इंदिरा गांधी के पीछे खड़ी हो गई और 71 के चुनाव में भारत की महान जनता इन समाजवादी कार्यक्रमों को लागू करने के लिए श्रीमती इंदिरा गांधी के पीछे चट्टान की तरह खड़ी हो गयी है और कहा कि हम बैंकों के राष्ट्रीयकरण के पक्ष में है, राजाओं के प्रिवीपर्स की समाप्ति के पक्ष में हैं और पुनः 71 में भारत की जनता की ताकत से श्रीमती इंदिरा गांधी सत्ता में आई फिर धीरे धीरे वही प्रक्रियावादी वही, पूजीवाद के समर्थक जो 77 से पहले इकट्ठे हो गये थे फिर 77 के बाद इकट्ठे हुए, कांग्रेस का सर्वनाश हुआ। 77 से 80 के बीच श्रीमती इंदिरा गांधी ने पूरे भारत की जनता की मांगों को लेकर लगातार संघर्ष किया और80 में इंदिरा गांधी सत्ता में आई। 1976 में उन्होंने 20 सूत्री कार्यक्रम की जो बुनियादी नींव डाली वे ही कार्यक्रम सन् 1980 में उनकी सरकारी राजनैतिक विचारधारा का आधार बने और बीस सूत्री कार्यक्रम का मतलब है समाजवाद। बीस सूत्री कार्यक्रम का अर्थ है समाजवाद। मगर 20 सूत्री कार्यक्रम का इम्पलीमेंटेशन नहीं हो रहा है। जिस मात्रा में जिस ताकत से वह होना चाहिए वह नहीं हो रहा है। यह कार्यक्रम अच्छे हैं भारत की जनता भी जानती है कि कार्यक्रम बहुत अच्छे है वह यह भी जानती है कि सरकार चाहती है कि और यह भी जानती है कि श्रीमती इंदिरा गांधी और राजीव गांधी जी इन कार्यक्रमों को इम्प्लीमेंट करना चाहते हैं। लेकिन जो इस कार्यक्रम के दुश्मन है वे येन केन प्रकारेण इन कार्यक्रमों को नष्ट करना चाहते हैं। आज श्रीमती इंदिरा गांधी के निधन के बाद राजीव गांधी जी प्रधान मंत्री बने है। आज कांग्रेस पार्टी के सामने फिर सवाल उठा है कि public sector will occupy the commanding hight of the economy. या प्राइवेट सेक्टर मगर मुझे खुशी है की श्री राजीव गांधी जी ने इसी सदन में कहा कि "Socialism is our objective. Public sector will occupy the commanding hight of the economy." रखिएगा जो समाजवाद के दुश्मन हैं और जो पब्लिक सेक्टर की इकोनामी के शत्रु हैं वे लगातार प्रोपेगेंडा आज भी कायम किए हुए हैं और पूरे हिन्दुस्तान की अर्थव्यवस्था को नष्ट करने के जितने उपाय हैं वे कर रहे हैं। तरह तरह के बहानों के नाम पर कभी टेक्नोलोजी का नाम लेकर कभी मल्टी नेशनल्स कंपनी के बहाने हिन्दुस्तान की इकनोमी में प्रवेश कर रहे हैं जिस तरह से इनका इन्ट्रेंस हो रहा है यह शुभ लक्षण नहीं है। इसलिए मैं साफ कहना चाहता हूं कि भारत के लोकतन्त्र और लोकशाही को मजबूत बनाने के लिये हमें समाजवाद का सही रूप धरती पर उतारना होगा, आज समाजवाद को चरितार्थ करते हुए गरीबी और अमीरी की रेखा के बीच के अन्तर को कम करना होगा आखिर हम दुनिया में अपने को समाजवादी गणराज्य कहते हैं। छोटी आमदनी और बड़ी आमदनी में क्या फर्क हो, एक दस का, एक सौ का, एक हजार का, एक एक लाख का, एक एक करोड़ का। क्या फर्क होगा छोटी आमदनी और बड़ी आमदनी में। हिन्दुस्तान में काम करने वाले छोटे व्यक्ति की आमदनी क्या होगी और जो हिन्दुस्तान का सबसे बड़ा व्यक्ति है, उसकी आमदनी क्या होगी ? समाजवाद को एक सगुण रूप देना होगा। इसका सगुण रूप क्या है। यह मैं साफ कहना चाहता हूं कि भारत की जनता में सगुण परिवर्तन के लिए भारी भूख है। भारत की जनता करवट लेना सीख गयी है, करवट ले रही है, हम भले

ही न समझते हों, लोक सभा और राज्य सभा के अन्दर बैठे हुए लोग न समझते हों, मगर भारत की जनता ने अंगड़ाई लेना शुरू कर दिया है, वह करवट ले रही है, वह परिवर्तन की भूखी है, वह समाजवाद को धरती पर उतारना चाहती है, वह सामाजिक उत्पीड़न और आर्थिक विषमता को खत्म करना चाहती है, हिन्दुस्तान के करोड़ों नौजवान गैर-बराबरी को खत्म करके समता पर आधारित नये समाज की रचना करना चाहते हैं। आदरणीय उपाध्यक्ष महोदया, मैं वित्त मंत्री जी से कहूंगा कि ग्रामीण विकास के लिये यह जो पैसा आपने आवंटित किया है, यह बहुत कम है। हिन्दुस्तान के सात लाख गांव और उसके लिये आपने यह जो बजट में या एप्रोप्रियेशन बिल में रुपया रखा है, यह बहुत ही कम है। हिन्दुस्तान के सात लाख गांवों के विकास के लिये, आज भी जो उजड़े हुए हैं, उनके विकास के लिये जितना होना चाहिये, उस ओर ध्यान दें और अगर एक ही संकल्प लें कि हिन्दुस्तान के इन सात लाख गांवों को हम पक्की सड़क से जोड़ देंगे, तो यही बहुत बड़ा संकल्प होगा। आप यह करोड़ों रुपया बाढ़ और सूखा के नाम पर दे रहे हैं। यह रुपया इस सड़क के निर्माण पर खर्च होना चाहिये, उससे हमारी जनता को विकास करने का मौका मिलेगा और जो गांव में लोग पैसा रखे हुए हैं, उस पैसे को मोबलाइज करने का, उसका सर्कुलेशन करने को काफी बल मिलेगा और काफी लाभ लोगों को मिलेगा। गांव में पैदा होने वाली चीजें किसान मार्केट तक में ले जा सकेंगे और वे अपने सामान को उचित मूल्य पर दे सकेंगे। इसलिये हिन्दुस्तान के लिये सबसे जरूरी चीज है कि हिन्दुस्तान के सात लाख गांवों को पक्की सड़क से जोड़ा जाये। अगर प्रोडक्शन और प्रोडक्टिविटी की सातवीं योजना के उद्देश्य को प्राप्त करना है, तो इस ओर ध्यान दिया जाये।

उपाध्यक्ष महोदया, मैं चर्चा करना चाहूंगा कि अभी हमारे आजमगढ़ जिले में तोहरी घाट में महुला चिउटीडाड़ बांध जो बना हुआ है, वह घाघरा नदी चूंकि अपनी धारा बदल रही है, इस बारे में माननीया, मैंने कई बार स्पेशल मेन्शन करने के लिये विषय भी दिया, लेकिन इन्कार कर दिया गया। हमारे जिले के संसद सदस्य भी वहां मौजूद हैं, अगर महुला-चिउटीडाड़ की ओर ध्यान नहीं दिया, तो इस समय तो घाघरा का कटाव इतना तेज नहीं है, जबकि बाढ़ नहीं है, करीब-करीब 18 हजार एकड़ जमीन, उपजाऊ जमीन नदी के पेट में चली गयी है और अगर धारा को नहीं रोका गया, तो दोहरी घाट पम्पिन्ग केनाल सरजू में विलीन हो जायेगा। इसलिये मैं केन्द्रीय सरकार से मांग करता हूं कि घाघरा नदी जो आजमगढ़ जिले में है, अपनी धारा को बदल रही है, उसको रोकने के लिये सरकार को इसी समय प्रयास करना चाहिये, वरना तुरती-भटनी-बनारस को जाने वाली बड़ी लाइन का पुल, तोहरीघाट पम्पिन्ग केनाल और सरजू नदी का पुल, यह सभी घाघरा में विलीन हो जायेंगे और इतनी बड़ी विपदा हो जायेगी, हजारों गांव, लाखों लोग इससे तबाह हो जायेंगे। अतः केन्द्रीय सरकार से मांग करता हूं कि वह घाघरा नदी के इस कटाव को, इस तेजी से बढ़ने से रोकने के लिये केन्द्रीय दल वहां भेजे और इसको इसी साल अगली बाढ़ आने से पहले रोकने के लिये कंक्रीट और टाइम-बाउण्ड प्रोग्राम बना कर जून के पहले ही बांध बना दें, ताकि बाढ़ का प्रकोप घाघरा से न बन सके।

आदरणीय उपाध्यक्ष महोदया, मैं एक और निवेदन करना चाहता हूं। मैं पूर्वी उत्तर प्रदेश का रहने वाला हूं और आजादी की लड़ाई में सबसे ज्यादा योगदान हिन्दुस्तान में पूर्वी उत्तर प्रदेश का रहा है। वहां की एक विकास योजना श्रीमती इन्दिरा गांधी जी की कृपा से भटनी-बनारस छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदलने के लिये बनी थी।

[श्री कल्पनाथ राय]

वर्ष 1976–77 के बजट में 50 लाख रुपया रखा गया था। रेलवे लाइन एप्रूव कर दी गयी थी और उस समय यह योजना 14 करोड़ की थी। लेकिन आज उसकी कास्ट हो गयी है, 44 करोड़ रुपये। सरकार ने अब तक केवल 8 करोड़ रुपये ही इस पर खर्च किये है और 1976 से आज करीब नौ साल हो गये हैं और केवल 8 करोड़ ही खर्च हुए हैं। उसकी कास्ट 14 से बढ़ कर 44 करोड़ हो गयी। इस रफ्तार से तो जब तक यह बनेगा, इसकी कास्ट 100 करोड़ तक बढ़ जायेगी और वह 21वीं शताब्दी तक बन पायेगा या नहीं। इसलिये मैं सरकार से मांग करता हूं कि वह मटनी-बनारस की छोटी लाइन को बड़ी लाइन बनायें। दूसरी मांग हम यह करते हैं कि सरकार जो 100–200 करोड़ रुपया बाढ़ और सूखा पर खर्च कर रही है, वह उस रुपये को बड़ी-बड़ी योजनाओं पर खर्च करे। यदि आपने 100 करोड़ रुपया उत्तर प्रदेश सरकार को दिया, तो वह शारदा सहायक नहर को पूरा करने में खर्च होना चाहियें, मटनी-बनारस की छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदलने में खर्च होना चाहिये, ताकि कोई बड़ी योजना पूरी हो जाय। जिस इलाके में बाढ़ हो या सूखा हो, वहां कोई बड़ी योजना को इम्प्लीमेंट किया जाय, ताकि उसमें लाखों लाख लोग जो बाढ़ या सुखाड़ से प्रभावित हैं, उनका पेट भी भरे और योजना भी पूरी हो।

उपाध्यक्ष महोदया, अन्तिम बात कह कर खत्म करूंगा। इसमें ग्रामीण विकास की बात कही गयी है। आजादी के बाद उत्तर प्रदेश और बिहार के लाखों लाख लोग बाढ़ और सूखा के शिकार होते रहे हैं और बाढ़ और सूखा ही उनकी गरीबी का मुख्य कारण है। बाढ़ और सूखा से प्रभावित होकर उत्तर प्रदेश और बिहार के लाखों लाख लोग बम्बई, कलकत्ता और हैदराबाद और चण्डीगढ़, अहमदाबाद में अपनी गुजर-बसर कर रहे हैं, कलकत्ता में वहां के लोगों को नौकरी नहीं मिल रही है। लोक कह रहे हैं कि ये बाहरी लोग हैं, इनको नौकरी मत दो। 30–40 लाख कलकत्ता में, 30 40 लाख बम्बई में, 30-40 लाख अहमदाबाद में, चन्डीगढ़ में, दिल्ली में, उत्तर प्रदेश और बिहार में बाढ़ और सुखाड़ से परेशान होकर गये हैं और अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं। जब उत्तर प्रदेश और बिहार के लाखों गांव बाढ़ और सूखा के शिकार हैं, तो मैं आपसे कहना चाहता हूं कि बाढ़ और सूखा को रोकने की तुरन्त व्यवस्था की जाय। पंजाब की आबादी 1 करोड़ है, पंजाब में भाखड़ा-नांगल डैम बन गया 1948 में और अब थीग डैम के लिये 750 करोड़ रुपया हो गया। वहां कोच फैक्टरी के लिये 200 करोड़ रुपया हो गया। उत्तर प्रदेश और बिहार को बाढ़ से बचाने के लिये सबसे जरूरी टिहरी डैम को बनाना है, जिस पर वर्ल्ड बैंक की सहायता से 1400 करोड़ खर्च होने का अनुमान है। इससे गंगा की बाढ़ को सदा के लिये रोका जा सकेगा। नेपाल निकलने वाली करनाली, पंचेश्वरी, शारदा, नदियों पर बांध और सप्तकोसी-बांध—इन चार बांधों का निर्माण करना होगा, नेपाल सरकार से बातचीत के बाद। अगर ये चार बांध बना दिये जायें और टिहरी का डैम बना दिया जाय, तो उत्तर प्रदेश और बिहार में कभी बाढ़ नहीं आयेगी। इसके अलावा इन बांधों के निर्माण से करीब 40 हजार मैगावाट बिजली पैदा होगी। जिससे हम उत्तर प्रदेश, बिहार और बंगाल के बिजली के संकट को भी दूर कर सकेंगे। इससे हम एक तरफ उत्तर प्रदेश और बिहार को और बंगाल को बाढ़ से बचायेंगे, दूसरी इन प्रान्तों के लोगों को अच्छी खेती करने के लिये एक अवसर प्रदान करेंगे और तीसरी तरफ हम पूरे देश में बिजली के संकट को दूर करेंगे। जब तक आप इन डैमों का निर्माण नहीं करते, तब तक आप ग्रामीण विकास नहीं कर सकते। ग्रामीण विकास के नाम पर क्या होता है। ग्रामीण विकास के नाम पर गांवों में सड़कें बनती हैं। कागज पर बना दी जाती हैं। जैसे बाढ़ आती है, रिपोर्ट आ जाती है कि सारी सड़कें बाढ़ में बह गयीं। उपाध्यक्ष

महोदया, मैं आप से निवेदन करना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश और बिहार के गांवों को शक्तिशाली और सम्पन्न बनाने के लिये, बाढ़ और सूखा पर नियंत्रण स्थापित करने के लिये टिहरी पर डैम का बनाना अत्यन्त आवश्यक है, करनाली, पंचेश्वरी, शारदा पर बांध और माल बांध का बनाना अति आवश्यक है और ये डैम तभी बनेंगे, जब भारत की सरकार नेपाल की सरकार से वार्ता करे और विश्व बैंक की सहायता से इन डैमों का वैसा ही निर्माण करे, जैसे भाखड़ा-नांगल डैम का कराया। इन शब्दों के साथ हम सरकार द्वारा प्रस्तुत विनियोग विधेयक का समर्थन करते हैं।

